Roll No. .... Total Pages: 04

1505

B.Ed. (First Year) Examination, 2018

PEDAGOGY OF HINDI

(हिन्दी का शिक्षण शास्त्र)

Paper –V & VI

Time: Three Hours
Maximum Marks: 80

PART – A (खण्ड – अ) *[Marks: 20]*

Answer all questions (50 words each).

All questions carry equal marks.

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

PART – B (खण्ड – ब) *[Marks: 30]*

Answer five questions (250 words each).

Selecting one from each unit. All questions carry equal marks.

*प्रत्येक इकाई से **एक–एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल पाँच प्रश्न कीजिए।*

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

PART – C (खण्ड – स) *[Marks: 30]*

Answer any three questions (300 words each).

All questions carry equal marks.

*कोई **तीन प्रश्न** कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो।*

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

<u>खण्ड– अ</u>

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

Q.1 भारत की भाषिक समस्यायें क्या हैं?

Q.2 बाल साहित्य का अर्थ एवं प्रमुख दो विधाओं के नाम बताइए।

Q.3 क्षेत्रीय भाषा एवं मानक भाषा में क्या अंतर है?

Q.4 भाषा शिक्षण के प्रमुख दो शिक्षण सूत्रों को स्पष्ट करें।

Q.5 पश्चिमी हिन्दी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली प्रमुख बोलियों के नाम बताइए।

Q.6 भाषा शिक्षण कौशल क्या है? प्रमुख कौशलों का क्रम बताइए।

Q.7 गद्य शिक्षण के अन्तर्गत आने वाली कोई तीन प्रमुख विधियों का परिचय दीजिए।

Q.8 नाटक एवं एकांकी शिक्षण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

Q.9 निदानात्मक परीक्षण क्या है?

Q.10 भाषा प्रयोगशाला का महत्व बताइए।

<u>खण्ड– ब</u>

<u>इकाई – I</u>

Q.11 शिक्षा समितियों के प्रतिवेदनों में भाषा की स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

Q.12 महात्मा गाँधी द्वारा भाषा के सम्बन्ध में व्यक्त किये गए विचारों पर प्रकाश डालिए।

<u>इकाई – II</u>

Q.13 भाषा का वैज्ञानिक स्वरूप वर्ण विचार की दृष्टि से स्पष्ट कीजिए।

Q.14 हिन्दी क्षेत्र की प्रमुख बोलियों का परिचय व क्षेत्र बताइए।

इकाई – III

Q.15 वर्तमान में हिन्दी शिक्षण में उत्पन्न होने वाली चुनौतियाँ व समाधान के क्या उपाय होने चाहिए?

Q.16 भाषायी सृजनात्मकता से क्या तात्पर्य है? भाषा शिक्षण में इसके विकास हेतु क्या प्रयास किये जाने चाहिए?

इकाई – IV

Q.17 माध्यमिक स्तर की पद्य शिक्षण की एक दैनिक पाठ–योजना का निर्माण कीजिए।

Q.18 व्याकरण शिक्षण में आगमन–निगमन विधि का प्रयोग क्यों किया जाता है? वर्णन कीजिए।

इकाई – V

Q.19 भाषा शिक्षण में नवाचार से आप क्या समझते है? भाषा शिक्षण में नवाचार के लिए क्या प्रयास किये जाने चाहिए।

Q.20 शिक्षण सहायक सामग्री से क्या तात्पर्य है? प्रमूख शिक्षण सहायक सामग्री का परिचय व उपयोग बताइए।

खण्ड– स

Q.21 भाषा का अर्थ व महत्व क्या है? भाषा शिक्षण के उद्देश्य व व्यवहारगत परिवर्तन पर प्रकाश डालिए ।

Q.22 भाषायी व्यवहार के विविध पहलू कौन से हैं? शब्द विचार व वाक्य विचार की दृष्टि से भाषा का वैज्ञानिक वर्गीकरण कीजिए।

Q.23 निदानात्मक परीक्षण व उपचारात्मक शिक्षण क्या है? हिन्दी भाषा शिक्षण में इसकी आवश्यकता व महत्व पर प्रकाश डालिए।

Q.24 सहसम्बन्ध का अर्थ व प्रकार बताइये तथा हिन्दी भाषा शिक्षण एवं अन्य विषयों से सहसम्बन्ध उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

Q.25 निम्न में से किन्हीं तीन पर टिप्पणी कीजिए –

(अ) रस पाठ व उपयोजना पाठ

(ब) नाटक में कक्षाभिनय विधि

(स) नील पत्र का निर्माण

(द) हिन्दी अध्यापक के गुण

(य) हिन्दी शिक्षण की प्रमुख पाँच विधियों का परिचय।